# जितना राधा रोई कान्हा के लिए, | By Mueksh Bagda

जितना राधा रोई रोई , कान्हा के लिए,
कन्हैया उतना रोया रोया है,सुदामा के लिए
बोलै वो हो मतवाला यार मेरा मुरली वाला

यार की हालत देखी, उसकी हालत पर रोया
यार के आगे अपनी, शान और शौकत पर रोया
ऐसा तड़पा तड़पे शमा परवाने के लिए
कन्हैया उतना रोया रोया है,सुदामा के लिए
बोलै वो हो मतवाला यार मेरा मुरली वाला

पांव के छाले देखें, तो दुख के मारे रोया
पांव धोने के खातिर, खुशी के मारे रोया
आंसू थे भरपाई, अब तो जीने के लिए
कन्हैया उतना रोया रोया है,सुदामा के लिए
बोलै वो हो मतवाला यार मेरा मुरली वाला

उसके आने से रोया, उसके जाने पर रोया -2
होके गदगद चावल के, दाने-दाने पर रोया-2
बनवारी वह रोया, बस याराना के लिए
कन्हैया उतना रोया रोया है,सुदामा के लिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%bf%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b2/